POLICE COMMISSIONERATE

PRAYAGRAJ

# सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 24.08.2025

## चोरी के अभियोग से सम्बन्धित 01 वांछित अभियुक्त थाना घूरपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार

थाना घूरपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 44/2024 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त बृजेश गौड़ पुत्र स्व0 विन्द्रा प्रसाद गौड़ निवासी ग्राम बरांव थाना करछना जनपद प्रयागराज को आज दिनांक-24.08.2025 को ग्राम बरांव थाना क्षेत्र करछना से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

### घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक-27.01.2024 को वादी श्री पंकज कुमार पुत्र ओम प्रकाश मौर्या निवासी ग्राम परेवा (नौवतपुर) जनपद चन्दौली हाल तैनाती अवर अभियन्ता 38/11 केवी उपकेन्द्र गौहनिया थाना घूरपुर प्रयागराज की लिखित तहरीरी सूचना बावत् अमरेहा में स्थापित 250 KVA परिवर्तक का तेल व कापर बाइडिंग चोरी होने के संबंध में प्राप्त होने पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 44/2024 धारा 379 भादवि पंजीकृत किया गया था।

उक्त अभियोग से संबंधित चोरी गये माल की बरामदगी गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण अजय निषाद आदि 06 के कब्जे से पूर्व में ही दिनांक-29.01.2024 को की जा चुकी है। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411/413/414 भादवि व 2/3 सार्वजनिक क्षति निवारण अधि0 की

बढोत्तरी की गयी थी। उक्त अभियोग में प्रकाश में आया अभियुक्त बृजेश गौड़ उपरोक्त फरार चल रहा था, जिसे आज दिनांक-24.08.2025 को थाना घूरपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।

**पूछताछ का विवरण-**

अभियुक्त बृजेश गौड़ उपरोक्त ने पूछताछ पर बताया कि चोरी के माल को बेचकर उससे अर्जित धन से अपने शौक को पूरा करता हूँ और अपना खर्चा चलाता हूँ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

बृजेश गौड़ पुत्र स्व0 विन्द्रा प्रसाद गौड़ निवासी ग्राम बरांव थाना करछना जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 26 वर्ष।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 44/2024 धारा 379/411/413/414 भादवि व 2/3 सार्वजनिक क्षति निवारण अधि0 थाना घूरपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त बृजेश गौड़ उपरोक्त-**

1.मु0अ0सं0 14/2024 धारा 379 भादवि थाना औ0क्षेत्र कमिश्नरेट प्रयागराज।
2.मु0अ0सं0 25/2024 धारा 379 भादवि थाना औ0क्षेत्र कमिश्नरेट प्रयागराज।
3.मु0अ0सं0 11/2024 धारा 379/427 भादवि थाना खीरी कमिश्नरेट प्रयागराज।
4.मु0अ0सं0 45/2024 धारा 379 भादवि थाना खीरी कमिश्नरेट प्रयागराज।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1.उ0नि0 अमित यादव, थाना घूरपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
2.का0 अमित यादव, थाना घूरपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।

# थाना माण्डा पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

थाना माण्डा पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 154/2021 धारा 392 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त सुनील पाल पुत्र राम अचल पाल नि०ग्रा० यादवपुर थाना जिगना मिर्जापुर को आज दिनांक-24.08.2025 को 11.20 बजे हेमपुर गांव के पास थाना क्षेत्र माण्डा से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

**घटना का विवरण-**

दिनांक 28.04.2021 को वादी नरेन्द्र कुमार सरोज पुत्र श्री छविनाथ निवासी ग्राम महरा थाना मेजा प्रयागराज द्वारा थाना स्थानीय पर प्रार्थना पत्र दिया कि बाराही माता मंदिर के पास बाइक पर सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादी से पर्स जिसमें एटीएम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस तथा 2500/रुपया नगद था तथा मोबाइल फोन छीन लिया, जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 154/2021 धारा 392 भादवि पंजीकृत किया गया था। घटना में शामिल प्रकाश में आये अभियुक्त विकास सिंह उर्फ विक्की पुत्र प्रकाश सिंह नि०ग्रा० नदौली थाना जिगना मिर्जापुर को दिनांक 04.05.2021 को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया, व अभियोग में धारा 411 भादवि की वृद्धि की गयी थी। आज दिनांक-24.08.2025 को मुकदमा उपरोक्त में वांछित चल रहे अभियुक्त सुनील पाल उपरोक्त थाना क्षेत्र माण्डा से गिरफ्तार किया गया।

**पूछताछ का विवरणः-**

पूछताछ में अभियुक्त सुनील पाल उपरोक्त ने बताया कि दिनांक 27.04.2021 को मैने व मेरे साथियों ने बाराही माता मंदिर दिघिया के पास रोड़ पर एक व्यक्ति मोटर साइकिल सवार को रोक कर डरा धमका कर उससे 2500/- नकद और 01 मोबाइल फोन छीन लिए थे। पैसे हम लोगों ने शराब/गांजा के नशे में खर्च कर दिये। लूटा गया मोबाइल मेरे पास था, जिसे तोड़कर मैने नहर मे फेंक दिया था। साथी अभि0 विकाश सिंह उर्फ विक्की की गिरफ्तारी की जानकारी मिलने

के बाद मैं गिरफ्तारी के डर से इधर-उधर भागता रहा। जब लगा कि अब मामला शांत हो गया है, अपने घर जा रहा था कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

सुनील पाल पुत्र राम अचल पाल नि०ग्रा० यादवपुर थाना जिगना मिर्जापुर, उम्र करीब 34 वर्ष।

**संबंधित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0- 154/2021 धारा 392/411 भादवि थाना माण्डा प्रयागराज।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. उ0नि0 विक्की कुमार गुप्ता, थाना माण्डा कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. का0 विमलेश मौर्या, थाना माण्डा कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. का0 दीप कुमार, थाना माण्डा कमिश्नरेट प्रयागराज।

## थाना सिविल लाइन्स पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

थाना सिविल लाइन्स पुलिस द्वारा थाना स्थानीय के पंजीकृत मु0अ0सं0-868/2021 धारा 379/411/413/414 भा0द0वि0 व मु0अ0सं0 871/2021 धारा 379/411/413/414 भा0द0वि0 से सम्बन्धित वांछित 01 अभियुक्त अब्दुल हलीम पुत्र मो0 शमीम निवासी कन्हियार चमनगंज ईदगाह थाना झूंसी जनपद प्रयागराज को आज दिनांक 24.08.2025 को मुखबिर की सूचना पर बस स्टैण्ड के पीछे सिविल लाइन्स थाना क्षेत्र सिविल लाइन्स से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

अब्दुल हलीम पुत्र मो0 शमीम निवासी कन्हियार चमनगंज ईदगाह थाना झूंसी जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 40 वर्ष।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण-**

1. मु0अ0सं0 868/2021 धारा 379/411/413/414 भादवि थाना सिविल लाइन्स कमिश्नरेट प्रयागराज
2. मु0अ0सं0 871/2021 धारा 379/411/413/414 भादवि थाना सिविल लाइन्स कमिश्नरेट प्रयागराज

**आपराधिक इतिहास का विवरण-**

1. मु0अ0सं0-874/2021 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना सिविल लाइन्स कमिश्नरेट प्रयागराज
2. मु0अ0सं0-868/2021 धारा 379/411/413/414 भा0द0वि0 थाना सिविल लाइन्स कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. मु0अ0सं0-871/2021 धारा 379/411/413/414 भा0द0वि0 थाना सिविल लाइन्स कमिश्नरेट प्रयागराज।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 विकास आनन्द वर्मा, थाना सिविल लाइन्स कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 रूपेश कुमार, थाना सिविल लाइन्स कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. उ0नि0 चेतन चौधरी, थाना सिविल लाइन्स कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. हे0का0 अब्दुल सलाम, थाना सिविल लाइन्स कमिश्नरेट प्रयागराज।